# RED RIBBON CLUB ACTIVITIES

## 2024 - 2025

* 11 अगस्त, 2024 को जिला एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा शिमला जिला के लगभग अठारह शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं की 'रेड रेस मैराथन' आयोजित करवाई गई। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में एड्स एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस मैराथन में प्रत्येक शिक्षण संस्थान से तीन-तीन छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह मैराथन चौड़ा-मैदान (अम्बेडकर चौक) से सम्मरहिल चौक तक हुई। इसमें चायल-कोटी महाविद्याल से भी तीन छात्राओं; परीक्षा (बी.ए. तृतीय), तनिशा (बी.ए. द्वितीय), अदिति (बी.ए. प्रथम) एवं तीन छात्रों; तनुज शर्मा (बी.ए. द्वितीय), अमन (बी.ए. द्वितीय), रोहित (बी.ए. द्वितीय) ने भाग लिया। तनुज शर्मा ने शीर्ष पाँच में अपनी जगह सुनिश्चित कर चौथा स्थान प्राप्त किया। महाविद्याल से रेड रिब्बन क्लब की संयोजक प्रो. बीविजा प्रतिभागियों के साथ रही।



* चायल-कोटी महाविद्यालय के रेड रिब्बन क्लब द्वारा महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज के निर्देशन में आज 'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य विभाग, मशोबरा के साथ समन्वय में छात्रों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विशेष चर्चा का आयोजन करवाया गया। हैल्थ सुपरवाइज़र श्रीमती रानी नेगी (मशोबरा), आशा वर्कर्स छोटी - श्रीमती चंपा देवी एवं श्रीमती सीमा देवी ने इस कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीमती रानी नेगी ने छात्रों से एड्स के विषय में बातचीत की और कहा कि यह बीमारी असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित इंजेक्शन, संक्रमित खून आदि से फैलती है, किसी के छूने या बात करने से नहीं। एड्स संक्रमण के बाद चिकित्सकों से सलाह लेकर, दवाईयाँ शुरू कर, अच्छा खान-पान एवं अपने स्वास्थ्य को दुरुस्त कर सकते हैं। छात्रों को खुद तंदुरुस्त एवं जागरूक रहने के साथ-साथ लोगों को भी जागरूक करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। यह गतिविधि प्राचार्य महोदया के निर्देशन में डॉ. नीविजा द्वारा करवाई गयी।

पंजाब केसरी ई-पेपर EDITIONS Shimla Kesari 3/4

## छात्रों को एड्स व महावारी बारे किया जागरूक

शिमला, 12 अगस्त (ब्यूरो): अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर डिग्री कॉलेज चायल-कोटी के रैड रिब्बन क्लब और स्वास्थ्य विभाग मशोबरा के संयुक्त तत्वावधान में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा. दीपशिखा ने की। प्राचार्य ने युवाओं को स्वस्थ रहने, प्रदेश एवं देश के विकास

## चायल कोटी कॉलेज में किया एड्स और महावारी बारे जागरूक



चायल कोटी कॉलेज में जागरूकता शिविर।

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि 'रेड रिब्बन क्लब' चायल-कोटी द्वारा 24 अगस्त, 2024 को 'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस जागरूकता अभियान' के अंतर्गत कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। प्रतिभागी अपने नाम शीघ्र अतिशीघ्र कार्यक्रम संयोजक के पास दे दें।

इस कार्यक्रम में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया जाएगा-

1. प्रश्नोत्तरी
2. कविता पाठ
3. कोलाज मेकिंग
4. रंगोली
5. नुक्कड़ नाटक
6. स्लोगन लेखन
7. एकल गान एवं एकल नृत्य
8. नाटी।

नोट: विजेताओं को इनाम प्रदान किये जायेंगे।

बीबिजा
(संयोजक रेड रिब्बन क्लब,
चायल-कोटी.)

प्राचार्य
चायल-कोटी महाविद्यालय, शिमला।

चायल-कोटी महाविद्यालय के 'रेड रिब्बन क्लब' द्वारा आज 'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस जागरूकता अभियान' के तहत एच. आई. वी./ एड्स जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। प्राचार्य महोदया डॉ. दीपशिखा भारद्वाज के निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, कोलाज मेकिंग, रंगोली, नारा लेखन आदि गतिविधियों के माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम संयोजक सहायक आचार्य बीबिजा शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए 'रेड रिब्बन' के उद्देश्यों के बारे में बताया। साथ ही यह भी कहा कि महाविद्यालयों में इस तरह के क्लब इसलिए बनाये गए हैं ताकि

# NOTICE

This is to inform that the Govt. Degree College Chail-Koti is celebrating World AIDS Day and Consitution Day on 17.12.2024, which were actually observed on 1st December and 26th November respectively.

As part of this event, we are organizing several activities and warmly welcome students from nearby feeding schools to join us. All students of this college are requested to participate in the following activities:

1. Slogan Writing (On AIDS Awareness)
2. Poster Making (On AIDS Awareness)
3. Quiz (Constitution & AIDS)
4. Youth Parliament
5. Dance (Patriotic)
6. Documentary (AIDS Awareness)
7. Art Gallery
8. Play

Time: 11:30 A.M

Date : 17.12.2024

Venue : Conference Hall, Science Block, 1st floor, Govt. Degree College Chail-Koti, Koti.

Conveners :

Dr. Devender Sharma (A.P. Political Science)

Miss Bobija Sharma (A.P. Hindi)

Principal


Govt. Degree College

Chail-Koti


GPS Map Camera
, Himachal Pradesh, India
rv+qrw, Koti, Himachal Pradesh 171012, India
31.04306° Long 77.243807°
12/24 11:39 AM GMT +05:30


Koti, Himachal Pradesh, India
26rv+qrw, Koti, Himachal Pradesh 171012, India
Lat 31.043029° Long 77.243937°


Koti, Himachal Pradesh, India
26rv+qrw, Koti, Himachal Pradesh 17101
Lat 31.042066° Long 77.244748°
17/12/24 12:49 PM GMT +05:30


WORLD AIDS DAY
STOP AIDS
Koti, Himachal Pradesh, India
26rv+qrw, Koti, Himachal Pradesh 17101
Lat 31.04304° Long 77.243936°
17/12/24 01:48 PM GMT +05:30

दिनांक 23.12.2024

राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी के रेड रिब्बन क्लब एवं वुमेन सैल द्वारा एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में एन.एस.एस. इकाई के सप्त-दिवसीय विशेष कैम्प के पांचवें दिन दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को 'हैल्थ एण्ड हाईजीन' पर क्षेत्रीय अस्पताल जुन्गा में सेवारत डॉ. प्रियंका आजाद का बहुत ही महत्वपूर्ण व्याख्यान करवाया गया। डॉ. प्रियंका आज़ाद ने विद्यार्थियों के साथ अनीमिया, एड्स, ड्रग्स, मैंस्ट्रुअल हैल्थ जैसे विषयों पर बहुत ही सार्थक परिचर्चा की। अपने पूरे व्याख्यान में उन्होंने 'हैल्थ एवं हाइजीन' से जुड़े विविध एवं महत्वपूर्ण पहलुओं को स्पर्श करते हुए बार-बार युवा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं उससे शरीर पर पड़ने वाले कुप्रभावों की विशेष चर्चा की। नशे की वजह से एड्स जैसी बीमारी को जाने-अनजाने ही न्यौता देने की स्थिति को बहुत ही गंभीरता से पेश किया। इसके स्थान पर हैल्दी डाइट द्वारा नशे की तलब को नियंत्रित करने का सुझाव दिया और साथ ही बहुत ही कम खर्चे में अच्छा एवं भरपूर पोषक तत्वों से भरा खाना खाने के भी अनेक नुस्खे साझा किये।

एड्स जैसी लाइलाज बीमारी के साथ संपूर्ण जीवन-जीने की खतरनाक स्थिति से अवगत करवाते हुए, जहां एक ओर इसके होने के प्रत्येक कारण से दूर रहने की सलाह दी, वहीं दूसरी ओर इस बीमारी से पीड़ित लोगों का सहारा बनने तथा उनके साथ अच्छा व्यवहार करने की ओर प्रेरित किया।

Miss Bebija (A.P. Hindi)
Nodal officer Red Ribbon club,
Govt college Chail-Koti.

